# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. जैसलमेर के अल्गोजा लोक वाद्य के महान कलाकार तगा राम भील को कला क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कौनसा पुरस्कार मिला है

(A) पद्म भूषण

(B) पद्म विभूषण

(C) पद्म श्री

(D) इनमें से कोई नही

जैसलमेर: थार मरुस्थल के अल्गोजा लोक वाद्य के महान कलाकार तगा राम भील को कला क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया।

थार के पारंपरिक अल्गोजा (दोहरी बांसुरी) लोक संगीत के उस्ताद तगा राम भील ने अपनी कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किया है

राजस्थान की तीन प्रमुख हस्तियों—गफरुद्दीन मेवाती जोगी (भपंग वादक), तगाराम भील (अलगोजा वादक) और ब्रह्म देव महाराज (समाजसेवा)—को राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**Yesterday Revision**

01. महिला एवं बाल विकास तथा बाल अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा

02. राजस्थान सरकार ने राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1996 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की है

03. झीलों की नगरी उदयपुर की पर्वतारोही बेटी मनस्वी अग्रवाल ने विश्व के सर्वा ेच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट (8848 मीटर) पर भारतीय तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया है.

04. राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत, प्रथम संतान के जन्म के समय दी जाने वाली राशि को, 5 हजार से बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया है।

05. राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले के बामनवास उपखंड की बेटी बनी पश्चिम बंगाल की मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान पुलिस द्वारा उमंग अभियान का आयोजन – 1 जून से 30 जून 2026 तक किया जाएगा

(B) इसका उद्देश्य – बालश्रम, बाल बंधुआ मजदूरी एवं मानव दुर्व्यापार (बाल तस्करी) का उन्मूलन करना।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान पुलिस द्वारा उमंग अभियान का आयोजन – 1 जून से 30 जून 2026 तक किया जाएगा
- उद्देश्य – बालश्रम, बाल बंधुआ मजदूरी एवं मानव दुर्व्यापार (बाल तस्करी) का उन्मूलन करना।
- राजस्थान पुलिस द्वारा बालश्रम और बाल तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान "उमंग-VII" का आयोजन 1 जून से 30 जून 2026 तक प्रदेशभर में किया जाएगा।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान सरकार दुर्लभ खनिजों के अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए "रेयर अर्थ एक्सीलेंस सेंटर" की स्थापना भी करने जा रही है।

(2) केन्द्र सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन शुरू किया है।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राज्य सरकार दुर्लभ खनिजों के अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए "रेयर अर्थ एक्सीलेंस सेंटर" की स्थापना भी करने जा रही है।
- यह केंद्र रणनीतिक खनिजों पर रिसर्च, नई तकनीकों के विकास और औद्योगिक उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- इसके लिए राजस्थान सरकार भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, एटॉमिक मिनरल्स डायरेक्टरेट फॉर एक्सप्लोरेशन एंड रिसर्च, आईआईटी हैदराबाद और आईआईटी आईएसएम धनबाद जैसी संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य कर रही है।
- केन्द्र सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन शुरू किया है।
- इस मिशन का उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विकास और तकनीकी आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जरूरी लिथियम और रक्षा क्षेत्र के लिए आवश्यक दुर्लभ खनिजों की खोज इस मिशन का प्रमुख हिस्सा है।

03. अंतरारष्ट्रीय सीमा क्षेत्र हेतु राज्य सरकार बजट घोषणा की अनुपालना में मुख्यमंत्री थार सीमा विकास कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है।?

(A) मुख्यमंत्री राज सीमा विकास कार्यक्रम

(B) मुख्यमंत्री थार सीमा विकास कार्यक्रम

(C) मुख्यमंत्री मरू सीमा विकास कार्यक्रम

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- अंतरारष्ट्रीय सीमा क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार बजट घोषणा की अनुपालना में मुख्यमंत्री थार सीमा विकास कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है।
- इस योजना के तहत 5 सीमावर्ती जिलों के 1 हजार 206 गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिवर्ष 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।
- वर्ष 2025-26 में योजना के तहत बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, खेल, पर्यटन, आधारभूत संरचना विकास से जुड़े 137 करोड़ रुपये की लागत के 1 हजार से अधिक कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) जैन ने चीन में संपन्न 33वीं लिनिंग एशियन जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

(2) चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने एक स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य समेत कुल 8 पदक जीते।




(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- हाल ही में गुलाबी नगरी जयपुर की स्क्वैश खिलाड़ी दिव्यांशी जैन ने चीन में संपन्न 33वीं लिनिंग एशियन जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता,
- जबकि जयपुर के ही एक अन्य खिलाड़ी धैर्य गोगिया क्वार्टर फाइनल में हारकर 5वें स्थान पर रहे।
- भारतीय दल की कोच सुरभि मिश्रा
- भारतीय टीम ने पूर्व की अपेक्षा इस बार अच्छा प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य समेत कुल आठ पदक जीते।
- भारत ने कोरिया में हुई पिछली एशियन चैंपियनशिप में सात पदक जीते थे।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**05. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत द्वितीय एवं तृतीय चरण के लिए कितने करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की हैं**

(A) 422.18 करोड़ रुपये

(B) 259.96 करोड़ रुपये

(C) 688.28 करोड़ रुपये

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन कार्यों को गति देने के लिए द्वितीय एवं तृतीय चरण के लिए 688.28 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की हैं।
- अभियान के द्वितीय चरण के लिए जल संरक्षण उपकर निधि से 488.28 करोड़ रुपये तथा तृतीय चरण के लिए राज्य निधि प्रावधान से 200 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कर जारी की गई है।
- जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग की निदेशक एवं पदेन विशिष्ट सचिव कल्पना अग्रवाल ने बताया कि जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत प्रदेशभर में जल संरक्षण, जलग्रहण विकास, भू-संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े कार्यों को व्यापक स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है।
- यह राशि वॉटर कंजर्वेशन सेस कमेटी की स्वीकृति के बाद जारी की गई है।

राज्य सरकार द्वारा अभियान के तहत अब तक विभिन्न चरणों में 988.28 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है

जयपुर, बुधवार, 27 मई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-97

❶ **राजस्थान** में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए किस क्षेत्र को "सिलिकॉन वैली ऑफ राजस्थान" के रूप में विकसित किया जा रहा है?
(A) जयपुर-अजमेर क्षेत्र
(B) जोधपुर-पाली-मारवाड़ क्षेत्र
(C) उदयपुर-चित्तौड़ क्षेत्र
(D) बीकानेर-जैसलमेर क्षेत्र

❷ **अमृत** योजना के तहत पूरे राजस्थान में कितने रेलवे स्टेशनों का निर्माण/पुनर्विकास किया जा रहा है?
(A) 15
(B) 34
(C) 61
(D) 85

❸ **हाल** ही में चर्चा में रहा 'सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स' (Siwana Ring Complex) राजस्थान के किस जिले/क्षेत्र से संबंधित है जहाँ दुर्लभ खनिजों के विशाल भंडार मिले हैं?
(A) डेगाना (नागौर)
(B) सिवाना (बालोतरा)
(C) जावर (उदयपुर)
(D) खेतड़ी (झुंझुनू)

❹ **'बंध** बरेठा' सिंचाई परियोजना का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?
(A) धौलपुर
(B) करौली
(C) भरतपुर
(D) सवाई माधोपुर

❺ **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत सवाई माधोपुर जिले की उपज कौन सी है?
(A) किन्नू
(B) मोठ
(C) अमरूद
(D) ग्वारपाठा

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले के बामनवास उपखंड की बेटी नीलम मीना को किस राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है?**

(A) पश्चिम बंगाल

(B) उत्तरप्रदेश

(C) असम

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine